सलाम दुनिया

27th November, 2016

अंगदान हेतु टास्कफोर्स बनाएगा बंगाल चेंबर



कोलकाता : बंगाल चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ने अब लोगों के बीच अंगदान को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की घोषणा की है। जिसका मुख्य लक्ष्य अंगदान और अंग प्रतिरोपण के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करना। बीसीसी एंड आई के हेल्थ कमेटी के एमिरेट्स चेयरपर्सन अमित घोष ने कहा कि चेंबर प्रतिरोपण और अंगदान के प्रति बढ़ावा देने के लिए एक कार्यबल (टास्क फोर्स) का गठन करेगा। हालांकि इसमें पश्चिम बंगाल अन्य राज्यों□ की तुलना में पीछे छूट गया है। घोष ने कहा कि हजारों की संख्या में मरीज अंग प्रतिरोपण के इंतजार में हैं, लेकिन सही दानदाता के अभाव के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है। घोष जो कोलकाता के अपोलो ग्लेनीग्लेस हॉस्पिटल्स के यूरोलॉजिस्ट भी है ने कहा कि चेम्बर पहले ही अंगदान का संकल्प लेने वाले लोगों का नाम दर्ज करना शुरू कर दिया है। नाम दर्ज करानेवालों में आर एन लाहिड़ी चेयरपर्सन एमेरिट्स आईटी कमेटी बीसीसी एंड आई, एस राधाकृष्णन बीसीसी एंड आई के पूर्व प्रमुख, दीपक दत्ता बीसीसी एंड आई के सदस्य सहित कई अन्य लोग शामिल हैं। इस मौके पर राज्य स्वास्थ सेवा (डीएचएस) के अतिरिक्त निदेशक अदिति किशोर सरकार ने कहा कि इसके प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से भी कई कदम उठायें जा रहे है□। जिसका नतीजा है कि पिछले 5 महीनों□ में अंग दान करने के लिए कई डोनर्स आगे आये हैं।